**Regarding naming of a Railway Station in honour of a Subedar martyred while on duty**

श्री अभय कुमार सिन्हा **(**औरंगाबाद**):** माननीय सभापति जी, शहीद सूबेदार संतोष कुमार पिता श्री अभिमन्यु प्रसाद, ग्राम - अमोखर, पंचायत - मंझियामा, प्रखंड - परैया, जिला - गया के निवासी थे । वह 16 फरवरी 2025 को ड्यूटी के दौरान लेह-लद्दाख में हुए विस्फोट के कारण वीरगति को प्राप्त हुए ।

सूबेदार संतोष कुमार की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए मैं भारत सरकार से विनम्र अनुरोध करता हूं कि गया-पंडित दीन दयाल रेल खंड में स्थित परैया रेलवे स्टेशन का नाम परैया के लाल शहीद सूबेदार संतोष कुमार रेलवे स्टेशन रखा जाए ।

यह न केवल एक वीर सैनिक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का कार्य होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा भी देगा ।

अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र आग्रह करता हूं कि शहीद सूबेदार संतोष कुमार के नाम पर परैया रेलवे स्टेशन के नामकरण करने की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं । धन्यवाद ।